University in News on 17 January 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

ताजिकिस्तान के विश्वविद्यालयों से शैक्षणिक सहयोग पर चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय दूतावास का किया दौरा

लखनऊ। लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अगुवाई में ताजिकिस्तान गए प्रतिनिधिमंडल ने वहां भारतीय दूतावास का दौरा किया। वहां के राजनयिकों और अधिकारियों के साथ मुलाकात भी की।

दो घंटे चली बैठक में ताजिकिस्तान के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ छात्र व फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम और शैक्षणिक सहयोग से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हुई। कुलपति ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच संभावित शैक्षणिक सहयोग का आकलन करने के लिए खोरोग स्टेट यूनिवर्सिटी के रेक्टर कोमिलबेक अमिड योरबेक के साथ आने वाले प्रतिनिधिमंडल के लिए वर्चुअल कॉन्फ्रेंस हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने ताजिकिस्तान गणराज्य के शिक्षा और विज्ञान मंत्रालय का दौरा किया। संस्कृति, शिक्षा और सतत विकास के कुछ मुद्दों पर बातचीत की। एस.आयनी के नाम पर ताजिक राज्य शैक्षणिक विश्वविद्यालय और सोतिमा उलुगजोदा के नाम पर ताजिक अंतरराष्ट्रीय विदेशी भाषा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता भी की। इस मौके पर प्रो. अवधेश त्रिपाठी, प्रो. आरपी सिंह, प्रो. केया पांडेय, प्रो. गीतांजली मिश्रा थे।

प्रतिनिधिमंडल में लविवि कुलपति व अन्य। स्रोत : स्वयं

बायोमीट्रिक हाजिरी का कल अंतिम मौका

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के पास बायोमीट्रिक हाजिरी दर्ज कराने का शनिवार को अंतिम मौका है। इसके बाद छात्रवृत्ति का पोर्टल बंद हो जाएगा।

छात्रवृत्ति फॉर्म अग्रसारित कराने में अनिवार्य की गई है उपस्थिति

जिन विद्यार्थियों ने अब तक उपस्थिति के माध्यम से फॉर्म अग्रसारित करवाने की प्रक्रिया पूरी नहीं की है, वे इसे पूरा कर लें। कुलसचिव कार्यालय ने छात्रों को सूचित करने के लिए इसकी अंतिम अधिसूचना जारी कर दी है।

समाज कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र अग्रसारित करवाने के दौरान बायोमीट्रिक हाजिरी को अनिवार्य किया है। विद्यार्थियों को कैशियर कार्यालय में आवेदन फॉर्म जमा कर व रिसीविंग नंबर के साथ कुलसचिव कार्यालय आकर यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। 90 फीसदी से अधिक विद्यार्थियों ने यह प्रक्रिया पूरी कर ली है। इससे चूके विद्यार्थियों को यह अंतिम अवसर दिया गया है। उपस्थिति से चूकने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह जाएंगे। (संवाद)

लविवि में इंटर्नशिप प्रोग्राम आरंभ व उड़ान की शुरुआत

लखनऊ। राष्ट्रीय स्टार्टअप सप्ताह के तहत लविवि की इनोवेशन सेल नवांकुर फाउंडेशन ने इंटर्नशिप प्रोग्राम आरंभ व आइडिया पिचिंग इवेंट उड़ान की शुरुआत की। इनका उद्देश्य इनोवेशन, स्टार्टअप को बढ़ावा देकर जीवंत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।

आरंभ के जरिये बिजनेस डवलपमेंट, टेक्नोलॉजी सपोर्ट, इवेंट मैनेजमेंट, लीगल एंड कंप्लायंस, फाइनेंस एंड रिसर्च और कंटेंट क्रिएशन क्षेत्रों में इंटर्नशिप कर सकेंगे। चयनित इंटर्न को सर्टिफिकेट ऑफ कम्प्लीशन और प्रशंसा पत्र मिलेगा।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इंटर्नशिप के लिए 100 से अधिक आवेदन आए हैं। इसमें हर स्ट्रीम में अधिकतम पांच का चयन होगा। उड़ान में विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी सात फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। (संवाद)

बीओएस के प्रस्तावों पर मुहर

लखनऊ। लविवि में बृहस्पतिवार को विज्ञान संकाय में फैकल्टी बोर्ड की बैठक हुई। इसमें संकाय के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में पास हुए प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। इसमें प्रमुख रूप से यूजी-पीजी के कोर्स में हुए बदलावों, एक वर्षीय परास्नातक के साथ दो वर्षीय परास्नातक शुरू करने के साथ नए पढ़ाए जाने वाले पेपर शामिल रहे। (संवाद)

मारपीट के आरोपी छात्रों को नोटिस

लखनऊ। लविवि में मारपीट के तीन आरोपी छात्रों को प्रॉक्टर ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बीकॉम प्रथम वर्ष के शेखर वर्मा, हरिकेश बहादुर और बीए प्रथम वर्ष के हर्ष फुलेरा पर आरोप है कि बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे 40-50 साथियों के साथ शिकायतकर्ता छात्र से मारपीट की। विवि के मुख्य परिसर स्थित किशोरी कैंटीन के पास घटना हुई। प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी ने बताया कि जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर आगे की कार्रवाई होगी। (संवाद)

TOI PAGE 3

LU eyes collaborations with top varsities from Tajikistan for academic & research initiatives

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University will soon conduct joint research and engage in academic collaborations with top universities in Tajikistan. An LU delegation, led by vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai, visited the Embassy of India in Dushanbe, Tajikistan, on Thursday, where they met the Indian Ambassador and other diplomats.

During the meeting, various proposals for student and faculty exchange programmes and academic collaboration with leading universities in Tajikistan were discussed. The mission also facilitated a virtual conference with Komilbek Amid Yorbek, the Rector of Khorog State University, to explore potential academic collaborations between the two institutions, said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

The V-C highlighted the quality of education at LU, aligned with the ideals of NEP2020 and global standards, and proposed initiatives to strengthen Indo-Tajik ties.

The delegation also visited the Ministry of Education and Science, Republic of Tajikistan, where discussions on culture, education, and sustainable development were held. A bilateral dialogue was conducted with representatives of Tajik State Pedagogical University and Tajik International University of Foreign Languages. A Memorandum of Understanding for further educational cooperation was signed on the occasion. "We are utilising every moment of our stay in Tajikistan to promote the Indian education system," said the V-C.

Aarambh & Udaan to boost entrepreneurship

Lucknow University's incubation cell introduced two new internship and ideation schemes named 'AARAMBH' and 'UDAAN' on National Startup Day on Thursday. "AARAMBH is an internship programme, while UDAAN is a cohort programme 1.0 in which idea-pitching events will be held. These programmes aim to foster innovation, empower startups and build a vibrant entrepreneurial ecosystem," said LU spokesperson Durgesh Srivastava. AARAMBH offers opportunity for hands-on learning through internship streams like business development, technology support, event management, legal and compliance, finance and research and content creation. Selected interns will gain real-world experience, collaborate with mentors and startups and receive a certificate of completion and a letter of appreciation.

JAGRAN CITY PAGE III

छात्रवृत्ति के लिए बायोमीट्रिक अनिवार्य

जासं • लखनऊः लवि ने सत्र 2024-25 के लिए सामान्य और अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को दी जाने वाली दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए बायोमीट्रिक प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया है। कुलसचिव कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार, छात्रों को आवेदन पत्र जमा करने के बाद कैशियर कार्यालय में प्राप्ति संख्या के आधार पर छात्रवृत्ति अनुभाग में बायोमीट्रिक प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

विश्वविद्यालय ने आवेदकों की सूची अपने पोर्टल पर अपलोड कर दी है। सभी विभागाध्यक्षों और संकायाध्यक्षों से कहा गया है कि वे अपने विभागों में इस जानकारी का प्रचार-प्रसार करें। जिन छात्रों ने अभी तक बायोमीट्रिक प्रक्रिया पूरी नहीं की है, उन्हें शनिवार तक इसे पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए छात्र कैशियर कार्यालय से प्राप्ति संख्या के साथ कुलसचिव कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

पीजी के नए पाठ्यक्रम में इंडस्ट्रीज टूर पर जाएंगे विद्यार्थी

नए सत्र से लागू होगा विभागों में पीजी एक और दो साल का नया कोर्स

जासं • लखनऊ : लवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में गुरुवार को हुई विज्ञान संकाय की बैठक में सभी विभागाध्यक्षों की सहमति के बाद एक और दो साल के नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी दे दी गई। इन सभी के प्रस्ताव विभागों की बोर्ड आफ स्टडीज से पास होकर बैठक में अनुमोदन के लिए रखे गए।

विज्ञान संकाय की अध्यक्षता प्रो. शीला मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जंतु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी सहित विज्ञान संकाय के सभी विभाग में शुरू होने वाले एक और दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम के साथ-साथ विभागीय शोध पाठ्यक्रम को मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही विभागीय शोध पत्रिकाओं के प्रकाशन को मंजूरी दे दी गई। प्रत्येक विभाग में एक प्रोफेसर को पत्रिका का संपादक बनाया जाएगा। प्रत्येक विभाग में एक प्रोफेसर को पत्रिका का संपादक बनाया जाएगा।

वैश्विक शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग पर जोर

कुलपति प्रो. आलोक राय के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि बहस में ताजिकिस्तान में भारतीय दूतावास का दौरा किया • सौजन्य से लवि

जासं • लखनऊः लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में भारतीय दूतावास का दौरा किया। इस दौरान भारतीय राजदूत और ताजिकिस्तान के प्रमुख राजनयिकों और अधिकारियों के साथ विकासपरक मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। करीब दो घंटे तक चली बैठक में ताजिकिस्तान के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रमों तथा शैक्षणिक सहयोग के प्रस्तावों पर विचार किया गया। बैठक में कुलपति ने भारत और ताजिकिस्तान के बीच शिक्षा, संस्कृति और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई प्रस्ताव रखे। बैठक में शैक्षणिक सहयोग के लिए एम.एस.आयनी के नाम पर ताजिकिस्तान के संबंधों को मजबूत करने का प्रयास है, यानिक वैश्विक शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा देने का भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

विद्यार्थियों के आइडिया को मिला आरंभ और उड़ान का साथ

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के नवांकुर फाउंडेशन - इनक्यूबेशन सेल ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर 'आरंभ' इंटर्नशिप प्रोग्राम और 'उड़ान' कोहोर्ट प्रोग्राम 1.0 (आइडिया पिचिंग इवेंट) शुरू किया है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप को सशक्त बनाना और उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलेगा। विद्यार्थी व्यावसायिक कौशल, मार्गदर्शन और वास्तविक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

'आरंभ' इंटर्नशिप प्रोग्राम में छात्रों को बिजनेस डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी सपोर्ट, इवेंट मैनेजमेंट, लीगल एंड कंप्लायंस, फाइनेंस एंड रिसर्च और कंटेंट क्रिएशन जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। इस प्रोग्राम में अभी तक 100 से अधिक आवेदन आए हैं, इसमें छात्रों के उत्साह का पता चलता है। हर स्ट्रीम में शिर्फ पांच छात्रों का चयन किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट आफ कंपलीशन और प्रशंसा पत्र दिया जाएगा।

यहीं, 'उड़ान' कोहोर्ट प्रोग्राम 1.0 एक विचार पिचिंग फोटफार्म है, जिसमें प्रतिभागी अपने नवाचार और व्यवसायिक विचार उद्योग विशेषज्ञों और निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। यह कार्यक्रम नवोन्मेषी व्यक्तियों और स्टार्टअप के लिए है। इसमें मेंटरशिप और फंडिंग के अवसर उपलब्ध होंगे। जिन छात्र-छात्राओं के पास आइडिया है वह यहां फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। कुलसचिव प्रो. आलोक राय के मार्गदर्शन में इस प्रोग्राम को शुरू किया गया है। इसके माध्यम से स्टार्टअप को सशक्त बनाया जाएगा।

80 केंद्रों पर होगी वीएड विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने वीएड विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए गुरुवार को केंद्रों और नोडल केंद्रों की सूची जारी कर दी। परीक्षाओं के लिए लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर क्षेत्रों मिले को मिलाकर 80 सत्रों में दो केंद्र बनाया गया है। वहीं, 30 नोडल केंद्र भी बने हैं। परीक्षा नियंत्रक विशाल सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार 80 केंद्रों पर 126 सत्रों में छात्र-छात्राएं परीक्षा के लिए आवेदित किए गए हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर देख सकते हैं।

लवि : तीन कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव के साथ-साथ पीजी डिप्लोमा इन काउंसिलिंग की समय सारिणी जारी कर दी है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर इसे देख सकते हैं। पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं अब 27 से 31 जनवरी तक होंगी। पीजी डिप्लोमा इन काउंसिलिंग प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 जनवरी से दो फरवरी तक होंगी। वहीं, एम.ए वूमेन स्टडीज विषम सेमेस्टर का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है।

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू में उड़ान और आरंभ कार्यक्रम लांच

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में इनोवेशन और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए दो नए कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया है। राष्ट्रीय स्टार्टअप सप्ताह के तहत विवि के इनोवेशन सेल नवांकुर फाउंडेशन ने इंटर्नशिप प्रोग्राम आरंभ और आइडिया पिचिंग इवेंट उड़ान का अनावरण किया।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य इनोवेशन, स्टार्टअप को बढ़ावा देकर एक जीवंत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया कि इंटर्नशिप के लिए 100 से अधिक आवेदन आए हैं। इसमें प्रति स्ट्रीम पांच व्यक्तियों का चयन होगा।

NBT PAGE 5

एलयू के प्रतिनिधिमंडल ने तजाकिस्तान में भारतीय दूतावास का किया दौरा

■ NBT न्यूज, लखनऊः कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में एलयू के प्रतिनिधिमंडल ने तजाकिस्तान की राजधानी दुशांबे में भारतीय दूतावास पहुंच राजदूत और अन्य राजनयिकों से मुलाकात की। लगभग दो घंटे चली बैठक में तजाकिस्तान की प्रमुख यूनिवर्सिटी के साथ छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रमों और शैक्षणिक सहयोग के अलग-अलग प्रस्तावों पर चर्चा की गई। मिशन ने दोनों यूनिवर्सिटी के बीच संभावित शैक्षणिक सहयोग का आकलन करने के लिए एम. नज़रशॉव के नाम पर खोरोग स्टेट यूनिवर्सिटी के रेक्टर कोमिलबेक अमिड योरबेक के साथ आने वाले प्रतिनिधिमंडल के लिए एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस भी करवाई। प्रो. आलोक ने एनईपी 2020 के अनुरूप एलयू में चल रहे शिक्षण कार्यों को लेकर चर्चा की। उन्होंने दोनों देशों के मैत्री संबंध को मजबूत करने के लिए प्रस्ताव भी रखे। उन्होंने एस.आयनी के नाम पर ताजिक राज्य शैक्षणिक विश्वविद्यालय और सोतिमा उलुगज़ोदा के नाम पर ताजिक अंतरराष्ट्रीय विदेशी भाषा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए।

LU: 'आरंभ' और 'उड़ान' के लिए 7 तक करें आवेदन

■ NBT न्यूज, लखनऊः एलयू के इंक्यूवेशन सेल ने राष्ट्रीय स्टार्टअप सप्ताह के मौके पर गुरुवार को 'आरंभ' और 'उड़ान' प्रोग्राम की शुरुआत की। आरंभ जहां इंटर्नशिप प्रोग्राम है वहीं, उड़ान कोहोर्ट प्रोग्राम 1.0 (आइडिया पिचिंग इवेंट) है। इनका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप को सशक्त बनाना और एक जीवंत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। आरंभ इंटर्नशिप स्ट्रीम जैसे विजनेस डिवलपमेंट, टेक्नॉलजी सपोर्ट, इवेंट मैनेजमेंट, लीगल ऐंड कंप्लायंस, फाइनेंस ऐंड रिसर्च और कंटेंट क्रिएशन के जरिए व्यावहारिक सीख का एक अनूठा मौका देगा। चयनित इंटर्न मेंटर और स्टार्टअप के साथ सहयोग करेंगे और उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ कॉम्पिकेशन मिलेगा। प्रति स्ट्रीम से अधिकतम 5 लोगों का चयन किया जाएगा। एलयू के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उड़ान कोहोर्ट प्रोग्राम 1.0, एक प्रमुख पहल और एक रोमांचक विचार-पिचिंग प्लेटफॉर्म है। जो वोल्ड विचारों को प्रभावशाली उद्यमों में बदलने के लिए मेंटरशिप और फंडिंग के मौके देता है। यह प्री-इंक्यूवेशन और इंक्यूवेशन चरणों के जरिए विचारों को सफल स्टार्टअप में बदलने का एक रास्ता देता है। इसके लिए आवेदन 7 फरवरी तक किए जा सकते हैं।



i-NEXT PAGE 5

एलयू में शुरू होंगे पीजी के नए कोर्स

विज्ञान संकाय की बैठक में पीजी के नए कोर्स मंजूर

GOOD NEWS

LUCKNOW (16 JAN): लखनऊ यूनिवर्सिटी के वनस्पति विज्ञान विभाग में गुरुवार को हुई विज्ञान संकाय की बैठक में सभी विभगाध्यक्षों की सहमति के बाद एक और दो साल के नए कोर्सों को मंजूरी दे दी गई. इन सभी के प्रस्ताव विभागों की बोर्ड आफ स्टडीज से पास होकर बैठक में अनुमोदन के लिए रखे गए.

प्रस्तावों पर की गई चर्चा

विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शीला मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें जंतु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी सहित विज्ञान संकाय के सभी विभाग में शुरू होने वाले एक और दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम के साथ-साथ विभागीय शोध समिति (डीआरसी) में शामिल प्रस्ताव पर चर्चा के साथ मंजूरी दे दी गई.

अब एक थ्योरी के साथ एक प्रैक्टिकल भी कराया जाएगा

एकेडमिक टूर भी होगा

वनस्पति विज्ञान विभाग में संचालित दो वर्षीय परास्नातक कोर्सों में स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री व अन्य संस्थानों में एकेडमिक टूर पर ले जाने, हर सेमेस्टर 20 क्रेडिट किए जाने, प्रैक्टिकल में चार के स्थान पर दो क्रेडिट, इंटर और इंट्रा डिपार्टमेंटल विषय चार के स्थान पर दो क्रेडिट करने, दूसरे सेमेस्टर में प्रश्न पत्र की संख्या पांच से घटाकर चार करने, तीसरे सेमेस्टर में होने वाली इंटर्नशिप के लिए चार की जगह दो क्रेडिट का प्रस्ताव पास हो गया.

एक प्रैक्टिकल संग एक थ्योरी

बीएससी जंतु विज्ञान विषम सेमस्टर में अब एक थ्योरी के साथ एक प्रैक्टिकल भी कराया जाएगा. प्रत्येक के लिए चार-चार क्रेडिट दिए जाएंगे. बीएससी जंतु विज्ञान सातवें सेमेस्टर में इलेक्टिव पेपर के रूप में पांच विषयों में विशेषज्ञता हासिल करने सहित पीजी एक और दो वर्षीय कोर्स को मंजूरी मिल गई है.

स्कॉलरशिप के लिए बायोमेट्रिक कंपलसरी

LUCKNOW(16 Jan): एलयू में स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करने वाले सभी स्टूडेंट्स के लिए बायोमेट्रिक कंपलसरी कर दी गई है. सभी स्टूडेंट्स को 18 जनवरी तक रजिस्ट्रार ऑफिस के स्कॉलरशिप सेक्शन में बायोमेट्रिक प्रोसेस करवाने को कहा गया है.

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि और एकेटीयू में मनाया गया राष्ट्रीय स्टार्टअप सप्ताह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इंक्यूबेशन सेंटर में आयोजित हुआ विचारों को प्रभाव में बदलना विषय पर उड़ान कार्यक्रम

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेल ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर 'आरंभ' और 'उड़ान' की शुरुआत की। राष्ट्रीय स्टार्टअप सप्ताह के अवसर पर विश्वविद्यालय के नवांकुर फाउंडेशन इनक्यूबेशन सेल ने दो महत्वपूर्ण पहलों का अनावरण किया। एक आरंभ इंटर्नशिप प्रोग्राम और दूसरा उड़ान कोहोर्ट प्रोग्राम 1.0 (आइडिया पिचिंग इवेंट)। कार्यक्रमों का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप को सशक्त बनाना और एक जीवंत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

इसी प्रकार डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के इनक्यूबेशन सेंटर कलाम सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन ऑफ स्टार्टअप फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर उद्यमोत्सव के तहत एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। सत्र की

शुरुआत के सीआईआईएसएफ के निदेशक डॉ. अनुज कुमार शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने छात्रों को इस महत्वपूर्ण अवसर पर शुभकामनाएं दीं और स्टार्टअप्स की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनीत सक्सेना, सेतुकृत टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और सीईओ थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महीप सिंह, हेड इनोवेशन हब, वंदना शर्मा, मैनेजर इनोवेशन हब, अनुराग त्रिपाठी, असिस्टेंट मैनेजर केसीआईआईएसएफ की उपस्थिति और योगदान महत्वपूर्ण रहा।

भारत और ताजिकिस्तान का सांस्कृतिक शब्दकोष बनेगा

दोनों देशों में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के उन्नयन में भी होगा सहायक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः भारत और ताजिकिस्तान के बीच सांस्कृतिक संबंधों का शब्दकोष तैयार होगा। इससे दोनों देशों के छात्र एक दूसरे की संस्कृति से जुड़ सकेंगे। इसे लैक्सीकोग्राफी शब्दकोष निर्माण की कला भी कहते हैं। यह न केवल शब्दकोष का निर्माण करेगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों का भी उन्नयन करेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों का दल ताजिकिस्तान के उच्च शिक्षा संस्थानों के उन्नयन, ज्ञान विनिमय और संस्कृति को एक सेतु के रूप में जोड़ने का कार्य करेगा। इसके लिए सांस्कृतिक शब्दकोष का भी निर्माण किया जा रहा है। इसका लाभ दोनों देशों की साझा संस्कृति, लोक कला, कृषि और त्योहारों पर होगा। 1991 में सोवियत संघ के पतन की पूर्व संध्या पर ताजिकिस्तान गिरती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार की धुंधली संभावनाओं से पीड़ित देश था। जहां प्रति हजार युवाओं की आबादी पर स्नातक शिक्षितों की तादात दुनिया में सबसे कम थी। समय के साथ ताजिक युवाओं ने बेहतर शिक्षा के लिए भारतीय शैक्षिक संस्थानों की ओर रुख किया तो संस्थानों ने उनका भरपूर स्वागत किया।

ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा नियुक्त शिक्षकों के माध्यम से कथक, तबला, संस्कृत, हिंदी का पाठ्यक्रम चला रहा है। अब योग, प्राकृतिक चिकित्सा और ज्योतिर्विज्ञान के पाठ्यक्रम भी आरंभ होंगे।

लविवि के कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने कहा कि हम ताजिकिस्तान में अपने प्रवास के हर मिनट का उपयोग कर रहे हैं। भारतीय शिक्षा प्रणाली, एनईपी 2020 के आदर्शों, द्विपक्षीय संबंधों के लिए मजबूत वैचारिक सेतु बनाने और लखनऊ विश्वविद्यालय और हमारी महान भारत भूमि की अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अधिक प्रभावी उपस्थिति दिखाने में कर रहे हैं। अंग्रेजी विभाग के डॉ. आरपी सिंह ने कहा कि हमारी शिक्षा, हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हमारी मातृभूमि पर गुरुजनों को जो सम्मान अनादि काल से प्राप्त है, वह दुनिया में कहीं नहीं है। निश्चित ही शिक्षा के विनिमय के साथ संस्कृति और आपसी संबंधों का भी विनिमय होगा।

विज्ञान तकनीक पर भी बढ़ेगा सहयोग

लखनऊ विश्वविद्यालय और ताजिक उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच नई तकनीकों को लेकर भी सहयोग आगे बढ़ेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मार्केट शोध, लाजिस्टियन, इंजीनियरिंग आदि विषयों पर विश्वविद्यालय और ताजिक शिक्षा संस्थान ज्ञान का विनिमय करेंगे। यही नहीं दोहरी डिग्री का भी विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

लविवि दल ताजिक राजनयिकों से मिला

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति समेत छह सदस्यों का दल इन दिनों ताजिकिस्तान के दौरे पर है। प्रतिनिधिमंडल ने राजनयिकों और अधिकारियों से विकासपरक मुद्दों पर चर्चा की है। राजधानी दुशांबे स्थित भारतीय दूतावास का दौरा करके भारतीय राजदूत और अन्य राजनयिकों से मुलाकात की। ताजिकिस्तान के दो विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए एम. नजरशॉव के नाम पर खोरोग स्टेट विश्वविद्यालय के रेक्टर कोमिलबेक अमिड योरबेक के साथ वार्ता हुई।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

भारत-ताजिकिस्तान राजनयिकों के साथ विकासपरक मुद्दों पर चर्चा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में भारतीय दूतावास का दौरा किया और वहां भारतीय राजदूत और अन्य राजनयिकों से मुलाकात की। लगभग दो घंटे चली बैठक में ताजिकिस्तान के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रमों और शैक्षणिक सहयोग के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। मिशन ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच संभावित शैक्षणिक सहयोग का आकलन करने के लिए एम.नजरशॉव के नाम पर खोरोग स्टेट यूनिवर्सिटी के रेक्टर कोमिलबेक अमिड योरबेक के साथ आने वाले प्रतिनिधिमंडल के लिए एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस का भी आयोजन किया। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने एनईपी 2020 के आदर्शों और वैश्विक मानकों के अनुरूप लविवि में शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला।

PIONEER PAGE 3

राष्ट्रीय स्टार्टअप सप्ताह पर लविवि ने शुरू किये दो नये कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय स्टार्टअप सप्ताह के उपलक्ष्य में लखनऊ विवि के नवांकुर फाउंडेशन - इनक्यूबेशन सेल की तरफ से दो महत्वपूर्ण पहलों का अनावरण किया गया है। इनमें आरंभ-इंटर्नशिप प्रोग्राम और उड़ान-कोहोर्ट प्रोग्राम 1.0 (आइडिया पिचिंग इवेंट) शामिल है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, स्टार्टअप को सशक्त बनाना और एक जीवंत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। आरंभ इंटर्नशिप स्ट्रीम जैसे बिजनेस डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी सपोर्ट, इवेंट मैनेजमेंट, लीगल एंड कंप्लायंस, फाइनेंस एंड रिसर्च और कंटेंट क्रिएशन के माध्यम से व्यावहारिक सीखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। चयनित इंटर्न वास्तविक दुनिया का अनुभव प्राप्त करेंगे, मेंटर और स्टार्टअप के साथ सहयोग करेंगे और उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ़ कम्प्लीशन और प्रशंसा पत्र प्राप्त होगा। इंटर्नशिप के लिए, 100 से अधिक आवेदनों के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रति स्ट्रीम अधिकतम 5 उत्साही व्यक्तियों का चयन किया जाएगा। वहीं उड़ान-कोहोर्ट प्रोग्राम 1.0, एक प्रमुख पहल और एक रोमांचक विचार-पिचिंग प्लेटफ़ॉर्म है। जिसकी शुरुआत उद्यमियों को उद्योग के विशेषज्ञों और निवेशकों के सामने अपने अभिनव विचारों को प्रदर्शित करने के लिए की गई है। आमंत्रित करने के लिए की गई है। यह प्री-इनक्यूबेशन और इनक्यूबेशन चरणों के माध्यम से विचारों को सफल स्टार्टअप में बदलने के लिए एक संरचित मार्ग प्रदान करता है। प्रतिभागियों को अत्याधुनिक संसाधनों, मेंटरशिप तक पहुँच प्राप्त होती है, जो एक समग्र उद्यमशीलता यात्रा सुनिश्चित करता है। इसके लिए 7 फरवरी 2025 तक आवेदन मांगे गये हैं, यह कार्यक्रम नवोन्मेषी व्यक्तियों, शुरुआती चरण के स्टार्टअप और विकास और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध उद्यमी टीमों के लिए खुला है।

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर एकेटीयू मे विशेष सत्र आयोजित

लखनऊ। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के इनक्यूबेशन सेंटर, कलाम सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन ऑफ स्टार्टअप फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर उद्यमोत्सव के तहत एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। सत्र की शुरुआत केसीआईआईएसएफ के निदेशक डॉ. अनुज कुमार शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने छात्रों को इस महत्वपूर्ण अवसर पर शुभकामनाएं दीं और स्टार्टअप्स की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनीत सक्सेना, सेतुकृत टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और सीईओ थे। यह स्टार्टअप स्वास्थ्य तकनीक क्षेत्र में कार्यरत है और कलाम सेंटर फ